**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक– 06.08.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **चाईबासा कोर्ट से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को मिली बड़ी राहत, मानहानि मामले में मिली सशर्त जमानत, अगली सुनवाई की प्रक्रिया जारी।**

2. **भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो दर 5 दशमलव 5 प्रतिशत पर रखी स्थिर, त्योहारों से पहले राहत बरकरार।**

3. **मौसम विभाग ने राज्य में 9 अगस्त तक बारिश और वज्रपात का जारी किया येलो अलर्ट, रांची समेत कई हिस्सों में भारी बारिश और तेज हवा चलने की आशंका।**

4. **रांची में छठे सीआईएससीई रीजनल एथलेटिक मीट की कल हुई शुरुआत, पहले दिन अंडर 14, 17 और 19 के खिलाड़ियों ने किया दमदार प्रदर्शन।**

********************

चाईबासा स्थित एमपी–एमएलए विशेष न्यायालय से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। मानहानि मामले में जारी गैर ज़मानती वारंट के बाद राहुल गांधी ने आज अदालत में पेशी दी। अदालत ने 10,000 रुपये के निजी मुचलके पर उन्हें सशर्त ज़मानत दी। उनके अधिवक्ता प्रणव दरीपा ने बताया कि आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी रहेगी और उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान और पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड स्थित पैतृक गांव नेमरा में कल संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। "अंतिम जोहार" के लिए नेमरा गांव में जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां आमजन से लेकर अति विशिष्ट लोग भी शामिल हुए। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय मंत्री जुएल ओरम, अन्नपूर्णा देवी, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी।

********************

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय सहकारी समितियों को जीवंत और सफल व्यवसायिक इकाईयों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी नीति देश में सतत सहकारी विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप प्रदान करती है। सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने की पहलों के संबंध में कल नई दिल्ली में अपने मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी।

********************

भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आज रेपो दर को 5 दशमलव 5 प्रतिशत पर यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। इसके साथ ही, स्थायी जमा सुविधा दर 5 दशमलव दो–पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर और बैंक दर 5 दशमलव सात–पांच प्रतिशत रहेगी। यह निर्णय फरवरी से अब तक की गई सौ आधार अंकों की कटौती के बाद और आगामी त्योहारों से पहले लिया गया है।

********************

11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर गोड्डा जिले के शहीद निर्मल महतो प्रशिक्षण केंद्र में हथकरघा पुरस्कार विजेताओं, बुनकरों, डिजाइनरों, उद्यमियों और अन्य विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में ई–धागा, हैंडलूम ब्रांड, एमयूडीआरए योजना, बीमा योजना सहित कई योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी और प्रदर्शनी और क्विज का आयोजन भी होगा।

********************

आज शाम साढे छह बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक अभिभाषण के प्रसारण के कारण 7 बजे का संध्याकालीन प्रादेशिक समाचार 6 बजकर 15 मिनट पर प्रसारित किया जाएगा। वहीं, वीवीआईपी प्रसारण के कारण जिले में आजकल कार्यक्रम प्रसारित नहीं होगा।

********************

गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र में पुलिस और पीएलएफआई उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 15 लाख रुपये का इनामी नक्सली मार्टिन केरकेट्टा मारा गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मार्टिन चंगाबाड़ी ऊपरटोली गांव में मौजूद है, जिसके बाद विशेष टीम ने कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान पुलिस पर फायरिंग की गई, लेकिन जवाबी कार्रवाई में केरकेट्टा ढेर हो गया। गुमला एसपी हारीश बिन जमा ने कहा कि सटीक सूचना और रणनीति से की गई कार्रवाई में पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली है।

********************

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सरायकेला जिले के किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं

********************

बेंचमार्क घरेलू इक्विटी सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी, पूर्वाह्न व्यापार में सभी क्षेत्रों में बिकवाली के बीच हल्की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। बीएसई सेंसेक्स 194 अंकों की गिरावट के साथ 80 हजार 517 पर और निफ्टी 89 अंक टूटकर 24 हजार 561 पर पहुंच गया, कुछ समय पहले की स्थिति के अनुसार।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 93 हजार 3 सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 19 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग के अनुसार, बांग्लादेश और आसपास के क्षेत्रों में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से राज्य में अगले चार दिनों तक बारिश होने की संभावना है। इसे लेकर 9 अगस्त तक कोल्हान और संताल क्षेत्र के जिलों में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची में भी बारिश का अनुमान है, जबकि राज्य के कुछ हिस्सों में तेज हवा और वज्रपात की आशंका जताई गई है।

********************

**और अब कुछ खेल की खबरें**

- रांची के खेलगांव में छठे सीआईएससीई रीजनल एथलेटिक मीट की शुरुआत कल हुई, जिसमें बिहार और झारखंड के लगभग 900 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। गुरूजी शिबू सोरेन के आकस्मिक निधन के कारण उद्घाटन समारोह रद्द कर दिया गया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस प्रतियोगिता की सांकेतिक शुरुआत मशाल जलाकर की गई। तीन दिवसीय इस आयोजन में अंडर–14, 17 और 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने पहले दिन दमदार प्रदर्शन किया।
- खूंटी जिले के दो रग्बी खिलाड़ी डेविड मुंडा और अजित नाग का चयन एशिया रग्बी अंडर–20 चौम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम में किया गया है। यह प्रतियोगिता 9 और 10 अगस्त को बिहार के राजगीर में आयोजित होगी। दोनों खिलाड़ियों ने कोलकाता में राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन कर टीम में अपनी जगह बनाई। उनके इस चयन से खूंटी और झारखंड के खेलप्रेमियों में खुशी की लहर है।

*******समाप्त*************